# विहिप द्वारा हनुमान जन्मोत्सव पर भव्य गदा एवं शोभायात्रा निकली



**भोपाल ( काप्र )।** विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल भोपाल विभाग द्वारा आज हनुमान जन्म उत्सव के पावन अवसर पर शोभायात्रा एवं गदा अर्पण का आयोजन किया गया, कार्यक्रम का शुभारंभ प्रांत संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह ने प्रभु श्रीराम हनुमान महाराज एवं गदा का विधिवद पूजा अर्चना कर यात्रा को प्रारंभ किया।

यात्रा राम मंदिर आंनद नगर से प्रारंभ होकर, पिपलानी पैट्रोल पंप, अन्ना नगर, महाराणा प्रताप नगर, न्यू मार्केट, पॉलिटेक्निक चौराहा,भवानी चौक सोमवारा, सेफिया कॉलेज रोड भोपाल टॉकीज नादरा बस स्टैंड विश्व हिंदू परिषद प्रांत कार्यालय, डीआईजी बंगला, जेपी नगर, आरिफ नगर ,करोद चौराहा ,भानपुर चौराहा होते हुए श्री खेड़ापति हनुमान जी महाराज सरकार के दरबार में गदा अर्पण किया गया ,गदा अर्पण पश्चात भाई साहब सुरेंद्र सिंह जी ने सभी कार्यकर्ताओं को हनुमान जी महाराज के मार्ग पर चलने एवं समाज की सेवा करने के लिए मार्गदर्शन किया, कार्यक्रम में उपस्थित, प्रांत सह मंत्री जितेंद्र चौहान, प्रांत सह संयोजक लोकेंद्र मालवीय, प्रांत सत्संग प्रमुख हरिओम शर्मा, विभाग मंत्री जीवन शर्मा जी, विभाग संयोजक दिनेश यादव एवं भोपाल विभाग के सभी जिलों के अध्यक्ष मंत्री संयोजक प्रखंड खंड ईकाई के बजरंगी उपस्थित रहे।

# डॉ. अंबेडकर जयंती पर जय भीम पदयात्रा का आयोजन

**भोपाल (काप्र)।**

देश के संविधान निर्माता, सामाजिक न्याय के अग्रदूत और महान विचारक डॉ. भीमराव अंबेडकर की स्मृति में केंद्रीय खेल एवं युवा मंत्रालय द्वारा पूरे देश में 13 अप्रैल को जय भीम पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने बताया कि मध्यप्रदेश खेल और युवा कल्याण विभाग के माध्यम से 13 अप्रैल 2025 को जय भीम पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह पदयात्रा भोपाल में 13 अप्रैल को शाम 5 बजे शौर्य स्मारक से अम्बेडकर प्रतिमा से पुन: शौर्य स्मारक पर जाकर समाप्त होगी। इस आयोजन में हजारों की संख्या में युवा साथी उपस्थित रहेंगे जो डॉ. अंबेडकर के विचारों और उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग को आत्मसात करने का संकल्प लेंगे।

श्री सारंग ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर का भारत के निर्माण में अतुलनीय योगदान रहा है। उन्होंने न केवल देश को एक समतामूलक संविधान प्रदान किया, बल्कि सामाजिक भेदभाव के खिलाफ आजीवन संघर्ष करते हुए समता, बंधुता और न्याय के मूल्यों को जनमानस में स्थापित किया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश खेल विभाग द्वारा आयोजित इस पदयात्रा का उद्देश्य युवाओं में संविधान के मूल्यों के प्रति जागरूकता फैलाना, अंबेडकर जी के योगदान के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करना तथा उनके संकल्पों को पुन: स्मरण कर उन्हें आत्मसात करना है।

# वेदों में रचा बसा है जीवन प्रबंधन का विज्ञान



**भोपाल ( काप्र )।** वेदों में लाइफ मैनेजमेंट साइंस विषय पर एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के रायसेन रोड भोपाल कैम्पस में एम बी ए के छात्र छात्राओं को वेदों में रुचि लेने का सोद्देश्य आग्रह करते हुए दर्शन शास्त्र की व्याख्याता डॉ आरती दुबे ने बताया कि वैदिक साहित्य मानव जाति के लिए बहुमूल्य धरोहर ही नहीं जीवन प्रबंधन विज्ञान का एक अभिनव अविष्कार है। जिसे मनुष्य मात्र क़े मन, मस्तिष्क और आत्मा के परिष्करण के लिए आहूत किया गया। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर एम बी ए डॉ. अरविंद सिंह ने संस्था की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए कहा कि वेदों में क्षमा और सद्भावना जीवन प्रबंधन के गहरे सूत्र हैं । प्रबंधन जैसे विषय को वेदों में खोजने के सूत्र देते हुए डॉ आरती ने कहा कि वेद भारत की सांस्कृतिक धरोहर है। स्वयं की खोज में आत्मा के परिष्करण को सोचना एवं उसकी क्रियात्मक अवधारणा को अनुभव सिद्ध पद्धति के रूप में मानव जाति के सामने रखना एक बहुत बड़ा अविष्कार है। यह प्रगल्भ एवं परिपक्व मस्तिष्क द्वारा ही संभव है। यह संकेत ही बताता है कि हमारे ऋषि-मुनि कितने गहन गंभीर चिंतन परक, आविष्कारक थे। संसार को आत्मा की अवधारणा का प्रथम परिचय कराने वाला भारतीय दर्शन आत्मा की खोज पर रुका नहीं वरन उसके परिष्करण की प्रक्रिया का अविष्कार करने के पश्चात ही उसने अपनी चिंतन यात्रा से विराम लिया। इसी लिए आज भी भारत विश्व का गुरु है । शून्य की निर्विचार अनुभूति का अनुभव करते हुए छात्र उत्साहित थे। प्रश्नोत्तर सत्र में उन्होने अपने अनुभव साझा किए।

# मई के पहले सप्ताह में आ सकता है बोर्ड रिजल्ट

**भोपाल ( काप्र )।** मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाएं सफलतापूर्वक संपन्न हो चुकी हैं। अब छात्र-छात्राएं बेसब्री से अपने परीक्षा परिणाम का इंतजार कर रहे हैं। इस बीच रिजल्ट को लेकर अहम जानकारी सामने आई है। बोर्ड के सचिव डॉ. कृष्ण देव त्रिपाठी ने बताया कि प्रदेशभर के 52 केंद्रों पर मूल्यांकन कार्य जारी है। अब तक 60 प्रतिशत कॉपियों की चैकिंग पूरी हो चुकी है। 25 अप्रैल तक शेष कार्य भी पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद रिजल्ट बनाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उम्मीद है कि मई के पहले सप्ताह में रिजल्ट जारी कर दिया जाएगा।

बता दें कि इस वर्ष हाईस्कूल (10वीं) परीक्षा 27 फरवरी से शुरू हुई थी। जिसमें पहला पेपर हिंदी का था। वहीं, हायर सेकेंडरी (12वीं) परीक्षा 24 फरवरी से शुरू हुई थी। दोनों परीक्षाएं सुबह 9 बजे से 12 बजे तक एक शिफ्ट में आयोजित की गई थीं। बोर्ड परीक्षा में इस बार कुल 16,60,252 छात्र शामिल हुए हैं। जिनमें कक्षा 10वीं में 9,53,777 और कक्षा 12वीं में 7,06,475 स्टूडेंट्स ने एग्जाम दी है। परीक्षा के लिए प्रदेशभर में कुल 3,887 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। अकेले भोपाल में ही 103 केंद्रों पर परीक्षा हुई थी।

# खेड़ापति हनुमान मंदिर में द्वार का जयंती पर हुआ लोकार्पित

**भोपाल (हिनप्र)।**



हनुमान जन्मोत्सव पर श्री कन्छेदी लाल केवट की स्मृति में श्री संकट मोचन खेड़ापति हनुमान मंदिर, बेहटा गांव, बैरागढ़, भोपाल के द्वार का निर्माण करवाया गया, गेट का निर्माण श्री केवट के पुत्र रामू केवट ने कराया है। द्वार का लोकार्पण विधायक रामेश्वर शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर मंदिर पुजारी नंदकिशोर बैरागी, राम बंसल, संतनगर मंडल अध्यक्ष मनीष बागवानी, पूर्व मंडल अध्यक्ष कमल विधानी, उमेश नागर, रामू केवट, किशोर साधवानी, सुमित पाटिल, गौरव पाटिल, संतोष रजक भाऊ, स्वर्गीय कन्छेदी लाल जी के भाई मुंशी लाल केवट एवं क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# भजनों पर नाचे हनुमान भक्त

**भोपाल (हिनप्र)।**

बजरंग सेना समिति द्वारा सिन्धु समाज स्कूल, में एक श्याम मेरे बालाजी के नाम भजन संध्या का आयोजन किया गया। घनश्याम एंड पार्टी द्वारा प्रस्तुत भजनों पर श्रद्धालु भाव विभोर होकर झूम उठे। कार्यक्रम में वीर हनुमाना अति बलवाना, छम छम नाचे देखो वीर हनुमाना और मां मुरादे पूरी कर दे जैसे भजनों की प्रस्तुति ने भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम में श्री राम दरबार और माँ की मूर्ति पर माल्यार्पण और दीप प्रवलन के साथ शुरुआत हुई। बजरंग सेना समिति ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नरेश ज्ञानचंदानी, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष कमल विधानी, और अन्य गणमान्य व्यक्तियों सहित कई अतिथियों का सम्मान किया।

समिति के मुख्य सलाहकार रूप कुमार सोनी, सलाहकार प्रभु मूलचंदानी, अध्यक्ष कमलेश देवानी और अन्य पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन हनुमान चालीसा के पाठ और महाप्रसादी के साथ हुआ।

हनुमान जयंती पर संतनगर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई, जिसकी अगुवाई विधायक रामेश्वर शर्मा ने की। गिदवानी पार्क मंदिर और हिंदू उत्सव समिति द्वारा यह शोभा यात्रा निकाली गई, जो संत नगर की विभिन्न सड़कों से होता हुआ पार्क पर समाप्त हुआ। जुलूस में संत नगर के कई गणमान्य नागरिक मौजूद थे। मंदिर के पुजारी उमेश मिश्रा आदि भी मौजूद थे।

## पेज एक से जारी खबरों के शेष...

### रोमांचित हो गए...

के प्रतीक थे। उनकी शासन व्यवस्था उत्कृष्ट थी। आज सम्राट विक्रमादित्य वाला युग लौट रहा है। भारत का विकास जमीन से लेकर समुद्र की सतह और अंतरिक्ष तक हो रहा है। यह विकास इस बात का संकेत है कि भारत की जो स्थिति 1300 साल पहले थी वो फिर जीवित हो रही है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव साधुवाद के पात्र हैं। मैं ये इसलिए कर रहा हूं कि वह खुद राष्ट्र प्रेमी हैं। उन्होंने राजा विक्रमादित्य के पिताजी की भूमिका भी निभाई है। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य के शासन का इतिहास 2000 साल पुराना है। इस शासन को लेकर इकबाल ने कहा है, कुछ बात है कि हस्ती मिटती नहीं हमारी, यूनान-ओ-मिस्र-ओ-रोमा सब मिट गए जहाँ से..। डॉ. यादव ने कहा कि विदेशी आक्रांताओं ने भारत की मान मर्यादा को बिगाड़ा। उन्होंने लालच की वजह से हमारी संस्कृति को चुनौती दी। यहां के वीर महापुरुषों ने हर परिस्थिति में भारत की आन बान शान को बचाया है। इस वजह से हमारी इस संस्कृति का कभी अंत नहीं हो सका। सनातन संस्कृति गंगा की अविरल धारा की तरह उज्जवल धवल नीर की तरह बहती रहेगी। हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि सम्राट विक्रमादित्य ने तलवार के बलबूते पर न केवल पूरे देश को सुशासन में बदला, बल्कि देश से आगे जाकर शासन की व्यवस्थाओं को मजबूत किया और समूची मानवता को धन्य किया। हमारे यहां संवत प्रवर्तन में भी विक्रम संवत् प्रारंभ करने की जो परंपरा है उसको भी सम्राट विक्रमादित्य ने गौरवान्वित किया। उन्होंने कहा कि विक्रमादित्य के शासन को याद करते हैं तो वह भगवान श्री राम के रामराज्य की याद आती है। धन्यवाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का, जिन्होंने उस दौर के शासनकाल को याद करते हुए सम्राट विक्रमादित्य को शासन के प्रति अपनी शुभकामनाएं दी हैं। इस मौके पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार जताया। उन्होंने कहा कि डॉ. मोहन यादव ने दिल्ली की जनता को विक्रमादित्य के चरित्र और शौर्य को देखने और समझने का अवसर दिया है। मेरा और दिल्ली का परम सौभाग्य है कि आज ये दिन दिल्ली को देखने को मिला। सौभाग्य की बात है कि शौर्य और पराक्रम के प्रतीक सम्राट विक्रमादित्य पर महानाट्य मंचन यहां हो रहा है। दिल्लीवासी आज इतिहास से रुबरू हो रहे हैं। वे सम्राट विक्रमादित्य के चरित्र को अपनी आंखों से देख रहे हैं इसके लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को बहुत-बहुत धन्यवाद। गौरतलब है कि सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य महामंचन 12 अप्रैल के साथ-साथ 13-14 अप्रैल को भी होगा। इसमें 250 कलाकार सम्राट विक्रमादित्य की जीवन गाथा को जीवंत कर रहे हैं। इस महानाट्य के दृश्यों को सजीव बनाने के लिए पालकी, रथ, घोड़ों और एलईडी ग्राफिक्स के स्पेशल इफेक्ट का प्रयोग किया जा रहा है। कार्यक्रम में महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ द्वारा 'विक्रमादित्यकालीन मुद्रा और मुद्रांक' की प्रदर्शनी भी लगाई जा रही है। भारतीय ऋषि वैज्ञानिक परंपरा पर केंद्रित 'आर्ष भारत' प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया है। इसमें 100 से अधिक ऋषियों के जीवन और योगदान को प्रदर्शित किया जा रहा है। जनसंपर्क विभाग द्वारा 'मध्यप्रदेश का विकास एवं उपलब्धियां' विषय पर और पर्यटन एवं उद्योग विभाग द्वारा भी प्रदर्शनियां लगाई गई हैं।

### यह पहल देश की...

जाना जाता है। वह भारत की न्यायप्रिय और लोक कल्याणकारी नेतृत्व परंपरा के प्रतीक थे। उन्होंने साहित्य, कला और विज्ञान को जिस रूप में प्रोत्साहित किया, वह आज भी हमारे लिए आदर्श है। उनके काल की विक्रम संवत परंपरा आज भी भारतीय संस्कृति की पहचान है। सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य और प्रदर्शनी का महत्व एक सांस्कृतिक आयोजन से कहीं अधिक है। इसका उद्देश्य हमारे इतिहास, हमारी जड़ों और हमारे आत्मबोध को एक उत्सव के रूप में मनाने का है। मुझे विश्वास है कि ऐसे आयोजनों से वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियां भारत के स्वर्णिम अतीत से परिचित होंगी और उससे प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में आगे बढ़ेंगी। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने लिखा है कि सांस्कृतिक मूल्यों को आधार बनाकर, आधुनिकता और विरासत को साथ लेकर, इस अमृत काल में विकसित भारत की ओर अग्रसर राष्ट्र पर सभी को गर्व है। इस यात्रा में सम्राट विक्रमादित्य समेत हमारे महापुरुषों से मिली न्याय, पराक्रम और सेवा जैसी शिक्षाएं हमारा मार्गदर्शन करेंगी। यह आयोजन देश की सांस्कृतिक चेतना को और सशक्त बनाते हुए युवा पीढ़ी को अपने गौरवशाली अतीत से जोड़कर आत्मविश्वास से पूर्ण, जागरूक औ कर्तव्यनिष्ठ नागरिक के रूप में तैयार करने में सहायक सिद्ध होगा।

### ग्रामीण विकास योजनाओं...

होगा। आज हमने ग्रामीण विकास मंत्रालय के काम-काज की भी समीक्षा की है। मुझे खुशी है कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में ग्रामीण विकास योजनाओं को आदर्श तरीके से लागू किया जा रहा है। बिहार के मंत्री और भाजपा नेता नितिन नबीन ने कहा कि भाजपा और एनडीए की पूरी टीम प्रधानमंत्री के आगमन की तैयारी में जुटी है। बिहार के मंत्री अशोक चौधरी ने कहा कि आगामी चुनाव एनडीए लड़ेगा। ये बीजेपी, जेडीयू या एलजेपी (रामविलास) का चुनाव नहीं है। देश के प्रधानमंत्री बिहार आ रहे हैं, इसलिए सबको कार्यक्रम पर काम करना है। सबको जिम्मेदारियां बांटी जा रही हैं। जन सुराज प्रमुख प्रशांत किशोर की कल हुई बिहार बदलाव रैली पर उन्होंने कहा कि उनकी रैली और उनकी इज्जत बर्बाद हो गई, प्रशांत किशोर एक राजनीतिक प्रबंधक हैं। एक राजनीतिक प्रबंधक और एक राजनीतिक नेता के बीच अंतर होता है। वह किसी राजनीतिक पार्टी के लिए काम कर सकते हैं।

# हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन



**भोपाल (हिनप्र)।**

संस्कार विद्यालय में हनुमान जयंयती पर संगीतमय हनुमान चालीसा का पाठ आयोजित किया गया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष सुशील वासवानी, सचिव बसंत चेलानी, कोषाध्यक्ष चन्दर नागदेव और सेवा भारती मध्य भारत प्रांत के संयोजक युवाम् मुख्य वक्ता संकल्प दीक्षित सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम में चेलानी ने कहा कि हनुमान जी हमेशा हमारे साथ रहते हैं, चाहे कोई भी संकट हो। उन्होंने मध्य प्रदेश के साथ-साथ देश के हर स्कूल में हर मंगलवार को हनुमान चालीसा का पाठ कराने की इछा व्यक्त की। श्री सुशील वासवानी ने कहा कि जहाँ हनुमान जी का पाठ होता है, वहाँ वे साक्षात् रूप से मौजूद रहते हैं। कार्यक्रम के अंत में चन्दर नागदेव ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य आरके मिश्रा, प्रधानाचार्या मृदुला गौतम, शिक्षकगण और विद्यार्थीगण भी उपस्थित थे।

# सिंधी मेले के पहले दिन सिंधी सभ्यता, सुहिनी सभ्यता की विरासत की झलक दिखी

**भोपाल (हिनप्र)।**



**सिंधी मेला समिति द्वारा शनिवार को दो दिवसीय पारिवारिक सिंधी मेला का आगाज़ हुआ। इस मेले की शुरुआत भगवान झूलेलाल के बहराणे व हिंगलाज माता मंदिर व भगवान झूलण की द्वीप प्रवलन के साथ आरती के साथ किया गया, उसके बाद हुआ टैलेंट हंट का शुभारंभ जिसमें बचों, महिलाएँ से लेकर बुजुर्गो तक उत्साह पूर्वक भाग लिया।**

उपस्थित लोगों के चेहरे पर इस मेले का उत्साह साफ़ दिखाई दे रहा था, इस वर्ष इस मेले को सिंधी सभ्यता, सुहिनी सभ्यता की थीम पर आयोजित किया गया है, जिसके लिये मेला परिसर में एक खूबसूरत सी सिन्धियत्त की बनाई गई थी, जिसमें सिंध में किस तरह से सिंधी समाज अपना गुजारा करता उसको बहुत ही खूबसूरती के साथ दिखाया गया जो इस मेले में सबसे अधिक आकर्षण का केन्द्र बनी रही, इसके बाद मंच पर हुआ देसी लेडी गागा की ( पिंकी मेदासानी) का धमाकेदार परफ़ोमेंस, जिसे देख लोगों में एक अलग ही जोश देखने को मिला, सिंधी मेले समिति के अध्यक्ष मनीष दरयानी व महासचिव नरेश तलरेजा ने बताया कि इस वर्ष अपने 28वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है मेले के प्रथम दिवस पर समिति के लोगों को करुणाधाम आश्रम में प्रमुख पीठाधीश गुरुदेव शांडिल्य महाराज जी एवं साई मनीष लाल जी का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। इस अवसर पर मेले में प्रमुख रूप से सिंधी मेला समिति के संरक्षक एवं विधायक भगवानदास सबनानी, जयकिशन लालचंदानी, डॉ. राजानी, दीपक राजानी, अमर दावानी, सीमा सबनानी, शकुन देवरख्यानी, कार्तिका चावलानी ( आगरा) सहित समाज के गणमान्य लोग सएवं बड़ी संख्या में मात्र शक्ति उपस्थित रही।

# साधु वासवानी स्कूल में हनुमान जयंती मनाई




**भोपाल (हिनप्र)।**

**साधु वासवानी स्कूल में हनुमान जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, शिक्षाविदों ने बचों को हनुमानजी की समग्रता और भक्तिभाव को बताया। हनुमान लला की पूजा अर्चना की गई।**

शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने कहा कि गुरु बनना सरल है, लेकिन शिष्य बनना कठिन है। राम बनना सरल है, परंतु राधा और हनुमान बनना कठिन है। उन्होंने कहा कि हनुमान जी ने राम भक्ति में समर्पित कर दिया। राम भक्त हनुमान जी के त्याग और तपस्या को कभी भुलाया नहीं जा सकता, उनकी भक्ति अटूट थी।

उन्होंने सभी से हनुमान जी की तरह भक्ति करके अपना जीवन सफल बनाने का संकल्प लेने का आग्रह किया। छात्रा मोनिका और कोमल ने कहा कि यह हर साल चैत्र मास की पूर्णिमा को मनाई जाती है। हनुमान जी शक्ति के प्रतीक, बुद्धि और कुशलता के धनी हैं। हनुमान जी अपने भक्तों को साहस प्रदान करते हैं। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा ये चमक, ये दमक एवं वीर हनुमाना अति बल धामा राम-राम जपिओ रे जैसे सुंदर गीत प्रस्तुत किए गए। सभी विद्यार्थियों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया।

**म.प्र. विधानसभा सचिवालय कर्मचारी गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, जिला-भोपाल**

(पंजी. क्र./डी.आर.बी./545, दिनांक 01.12.1990)

क्रमांक/निर्वा./2025/02

दिनांक 11/04/2025

**निर्वाचन आमसभा की सूचना**

संस्था के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था के संचालक मंडल के निर्वाचन बाबत निर्वाचन आमसभा दिनांक 27/04/2025, दिन रविवार को प्रात: 11:30 बजे से स्थान-संस्था कार्यालय न्यू विधानसभा परिसर, भोपाल पर आयोजित की गई है। रिटर्निंग अधिकारी "श्रीमती अखिलेष तोमर नैन" द्वारा दिनांक 20/04/2025 को दोपहर 12 बजे से 02 बजे तक नामांकन पत्र लिये जावेंगे दिनांक 21/04/2025 को दोपहर 12 से नियोजन पत्रों की जांच की जावेगी, दिनांक 22/04/2025 को दोपहर 12 से 2:00 बजे तक नाम वापस लिये जा सकेंगे। उपरोक्त समस्त कार्यक्रम स्थान-कार्यालय उपायुक्त, सहकारिता, डी-ब्लाक, पुराना सचिवालय, जिला-भोपाल पर सम्पन्न होंगे, तत्पश्चात सूची का अंतिम प्रकाशन एवं चुनाव चिन्हों का आवंटन किया जावेगा। आमसभा की सूचना के साथ निर्वाचन अधिकारी द्वारा घोषित कार्यक्रम की सूचना सदस्यों को पृथक से स्पीड पोस्ट/साधारण डाक/व्यक्तिश: द्वारा प्रेषित की जा चुकी है।

131 **आर. के. कातुलकर, प्रशासक**
**म.प्र. विधानसभा सचिवालय कर्मचारी गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल**

**In The Court Of VII Civil Judge Class-I, District Court, Bhopal**

Presiding Officer: **करनाल सिंह श्याम**

(आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्र. (MJC SUC/0000082/2025)

श्रीमती मनीषा बिल्लैरे............आवेदक **VS**

अनिल बिल्लौरे .........अनावेदक

**Process ID/2025** **पेशी दि.: 17/05/2025**

**प्रेषिती-1.** सर्वसाधारण पता सर्वसाधारण (2) आम जनता। आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती मनीषा बिल्लौरे पता ने मृतक दिलीप बिल्लोरे निवासी LIG-2 लहारपुर, बागमुगालिया, भोपाल राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 17 मई 2025 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/ संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 17 मई 2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें । सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 09 अप्रैल 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है। **कृपया ध्यान दे:** यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जाएगा।

132 **कर्नल सिंह श्याम, न्यायाधीश**
**सप्तम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड भोपाल (म.प्र.)**